संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2019
(सामान्य अध्ययन-II)
मॉडल पेपर-2

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. भारतीय संदर्भ में न्यायिक समीक्षा, न्यायिक सक्रियता और न्यायिक अतिक्रमण (Judicial Overreach) पदों की व्यवहार्यता का परीक्षण उचित उदाहरण देकर कीजिये। **(150 शब्द) 10**
2. भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वर्णन करते हुए इसकी प्रकृति और विषय-क्षेत्र पर टिप्पणी कीजिये। **(150 शब्द) 10**
3. संसदीय समितियाँ संसद की दक्षता और विशेषज्ञता में वृद्धि करती हैं। इस संदर्भ में, प्राक्कलन समिति द्वारा निभाई गई भूमिका का परीक्षण कीजिये एवं इसे और अधिक सशक्त बनाने के उपाय सुझाइए। **(150 शब्द) 10**
4. भारतीय संविधान की आधारित संरचना (मूल ढाँचे) के सिद्धांत के क्रमिक विकास की चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
5. दबाव समूह, राजनीतिक दलों के समान और इनसे भिन्न दोनों हैं। यथोचित उदाहरणों के साथ भारत के संदर्भ में पुष्टि कीजिये। **(150 शब्द) 10**
6. 'विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत विश्व की सर्वाधिक कुपोवित जनसंख्या वाला राष्ट्र है"। भारत में कुपोषण की गहन होती स्थिति को सुधारने में राष्ट्रीय पोषण मिशन की महत्त्व को व्याख्यायित कीजिये। **(150 शब्द) 10**
7. दिव्यांगजनों द्वारा सामाजिक सशक्तीकरण हासिल करने की दिशा में सामाजिक नीतियाँ और सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएँ कितनी कारगर साबित हो सकती हैं? वर्णन करें। **(150 शब्द) 10**
8. ई-शासन केवल नवीन प्रौद्योगिकी की शक्ति के उपयोग के बारे में नहीं है, अपितु इससे अधिक सूचना के 'उपयोग मूल्य' के क्रांतिक महत्त्व के बारे में है। स्पष्ट कीजिये। **(150 शब्द) 10**
9. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता (Net Security Provider) के रूप में अपनी उभरती भूमिका के निर्वहन में भारत को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा? **(150 शब्द) 10**
10. एस.सी.ओ. और अश्गाबात समझौते में भारत की सदस्यता इस सच्चाई की अभिव्यक्ति है कि भारत के हित जितने हिंद महासागर से जुड़े हैं उतने ही यूरेशियाई भू-भाग से भी। चर्चा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
11. 'हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद के मुद्दे पर चीन द्वारा वीटो का इस्तेमाल किया गया।' कथन की व्याख्या भारतीय अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में करते हुए 'वीटो पावर' को भी समझाएँ। **(250 शब्द) 15**
12. भारत-नेपाल संबंधों की पुनर्स्थापना के कई प्रयासों के बावजूद दोनों पड़ोसी देशों के संबंध परस्पर चिंताजनक बने हुए हैं। बिम्सटेक देशों के प्रथम सैन्य अभ्यास 'मिलेक्स-2018' में नेपाल द्वारा अपनी सेना को भेजने से इनकार किया जाना क्या इस चिंता को और मज़बूत बनाता है? चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. भारत में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों के समक्ष उपस्थित समस्याओं का विश्लेषण कीजिये तथा इन समस्याओं के समाधान एवं इनके कल्याण हेतु किये गए संवैधानिक प्रावधान तथा सरकार द्वारा उठाए गए महत्त्वपूर्ण कदमों की भी चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
14. राज्यपाल महत्त्वपूर्ण शक्तियों के साथ अहम संवैधानिक पदाधिकारी है, हालाँकि पिछले कुछ वर्षों में यह पद आलोचना का शिकार बन गया है। चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
15. भारत में राजकोषीय संघवाद को सुदृढ़ करने में राज्य वित्त आयोग के महत्त्व पर प्रकाश डालिये। क्या आप इस विचार से सहमत हैं कि इन्हें अपनी यथोचित भूमिका के निर्वहन हेतु आवश्यक वातावरण प्रदान नहीं किया गया है? **(250 शब्द) 15**
16. क्या आप सोचते हैं कि प्रशासनिक न्यायाधिकरणों में अंधाधुंध बढ़ोतरी न्यायिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न कर रही है? चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**
17. आपकी दृष्टि में नागरिक घोषणापत्र (Citizen Charter) को किस प्रकार प्रभावी बनाया जा सकता है? किसी सरकारी संस्थान की कार्य संस्कृति को सुधारने में नागरिक घोषणापत्र की भूमिका की उदाहरणों के साथ चर्चा करें। **(250 शब्द) 15**
18. भारत में सिविल सेवाओं के ऐतिहासिक विकास का कालक्रमानुसार वर्णन करते हुए भारतीय लोकतंत्र में सिविल सेवाओं की भूमिका स्पष्ट करें। **(250 शब्द) 15**
19. देश में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि के बावजूद जनसंख्या का बड़ा भाग खाद्य सुरक्षा से वंचित है। इस स्थिति हेतु उत्तरदायी कारणों को स्पष्ट करें एवं समस्या के समाधान हेतु सुझाव प्रस्तुत करें। **(250 शब्द) 15**
20. हालिया वर्षों में भारत में मॉब लिंचिंग की घटनाओं में तीव्रता से वृद्धि हुई है; जिसके मूल में कई सामाजिक-धार्मिक कारण मौजूद हैं। इनकी पहचान करते हुए समाधान के उपायों को सुझाइए। **(250 शब्द) 15**